कार्यालय प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

संख्या /बीआरजी/एमसी–23/ईसी–1 दिनांकः 10 ,मार्च ,2023

नियुक्ति–आदेश

इस चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में रिक्त डिमांस्ट्रेटर के पद पर नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञप्ति/सूचना संख्या–89/बीआरजी/एमसी–23/ईसी–1 दिनांक 09, फरवरी, 2023 के क्रम में दिनांक–02, मार्च, 2023 को सम्पन्न हुए साक्षात्कार के उपरान्त चयन समिति की संस्तुति के आधार पर कालम में अंकित उनके नाम के सम्मुख विभाग में **डिमांस्ट्रेटर** के रूप मे प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन वैण्ड रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400/– (मैट्रिक्स लेवल–10) में महँगाई एवं अन्य भत्ते जो भी नियमानुसार अनुमन्य हो निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन की जाती है। कार्यभार ग्रहण करने की अन्तिम तिथि 20, मार्च, 2023 है।

क्रम.	चिकित्सक का नाम/पिता का नाम	पदनाम	विभाग का नाम
01	Dr. Aishwarya Singh d/o J.R.S. Singh	Demonstrator	E.N.T
02	Dr. Asif Ali s/o Idd Mohammad	Demonstrator	Psychiatry
03	Dr. Ravi Kumar s/o Chandra Bhan	Demonstrator	TB & Chest
04	Dr. Abhinav Rao s/o Santosh Rathore	Demonstrator	Forensic Medicine
05	Dr. Dinesh Chandra Mishra s/o Raj Narayan Mishra	Demonstrator	Psychiatry
06	Dr. Abhishek Kumar Madhesia s/o Awadesh Kumar Madhesia	Demonstrator	TB & Chest
07	Dr. Subhas Chandra s/o Dharam Din	Demonstrator	Psychiatry
08	Dr. Sunil Kumar Gupta s/o Banarasi Prasad Gupta	Demonstrator	Anatomy
9	Suruchi Rai d/o Lt. Nageshwar Prasad Rai	Demonstrator	Biochemistry
10	Dr. Anoop Jaiswal s/o Paras Nath	Demonstrator	Biochemistry
11	Asmita Singh d/o Shankar Sharan Singh	Demonstrator	Microbiology
12	Sharad Kumar s/o Vijay Gopal	Demonstrator	Microbiology

1. यह नियुक्ति छः माह तक के लिए की जा रही है। जो कि विभागाध्यक्ष की संस्तुति एवं अभ्यर्थी के कार्य तथा आचरण के आधार पर छः माह तक आगे बढाई जा सकती है। नियुक्ति अस्थाई एवं सीमित अवधि (टेन्योर) के लिए है, तथा किसी भी तरफ से एक माह की नोटिस अथवा एक माह के वेतन पर सेवा समाप्त की जा सकती है/छोड़ी जा सकती है।
2. किसी प्रकार की प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी।
3. हड़ताल अथवा धरना आदि में भाग लेने पर सेवायें समाप्त कर दी जाये, इस आशय का शपथ–पत्र रू0 100/– के स्टम्प पेपर पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व प्रस्तुत करना होगा।

4. पदधारक को अपने पद के दायित्वों का निर्वहन करने के साथ–साथ समय–समय पर विभागाध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अधोहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार अध्यापन, शोध, शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय कार्यो हेतु किसी दूसरे विभाग में भी कार्य लिया जा सकता है।
5. किसी भी प्रकार की रैगिंग/अवांछनीय कृत्य में संलिप्त पाये जाने पर सेवायें स्वतः समाप्त कर दी जायेंगी।
6. कार्यभार ग्रहण के पूर्व निम्नलिखित प्रमाण पत्र जमा करने होंगे।

क. राज्य अथवा केन्द्र सरकार की सेवा में कार्यरत किसी दों राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र।

ख. सत्यापित समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतिलिपि तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं पैन कार्ड की छायाप्रति दो प्रतियों मे संलग्न करना अनिवार्य है।

ग. राजकीय चिकित्सा परिषद उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त स्थायी पंजीयन प्रमाण–पत्र।

घ. अनादेय पत्र प्राप्त करने तक के लिये एक माह (30 दिन) का वेतन रोक दिया जायेगा।

ड. तैनाती की अवधि में सेवा समाप्त के लिये दोनों ओर से एक माह का नोटिस अथवा वेतन देकर सेवायें समाप्त की जा सकती है।

च. सम्बधित डिमान्सट्रेटर को निर्देशित किया जाता है कि वे संबंधित विभाग में दिनांक 20, मार्च, 2023 तक अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें। इस तिथि के पश्चात नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

(गणेश कुमार)
प्रधानाचार्य

संख्या 1311 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. मुख्य कोषाधिकारी, गोरखपुर।
3. प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, नेहरू चिकित्सालय, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4. विभागाध्यक्ष एनाटमी/बायोकेमेस्ट्री/माइक्रोबायोलाजी/फोरेन्सिक मेडिसिन/ई0एन0टी0/टी0बी0 एण्ड चेस्ट/साइकियाट्री विभाग, मेडिकल कालेज गोरखपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. लेखानुभाग, प्रधानाचार्य कार्यालय, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
6. उपरोक्त चिकित्सक को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपना कार्यभार ग्रहण करते समय नियुक्ति पत्र की शर्तो को पूरा करें तथा अपना स्थायी पता भी सूचित करें। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि इस नियुक्ति आदेश के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(गणेश कुमार)
प्रधानाचार्य